प्रखर सिद्धांतों पर आधारित पुणे और मुंबई से प्रकाशित एकमात्र हिंदी दैनिक

सिद्धांत समाचार

वर्ष १६ – अंक १८६ – शनिवार २३ नवंबर २०२४ | पुणे | RNI NO.MAH HIN/2005/15277 | २ रूपए

श्री सचिन विद्याधर शिंदे को राजनीतिक यात्रा के लिए हार्दिक शुभकामनाएं

सि siddhantsamachar.com | @SiddhantSamachar | facebook.com/siddhantsamachar | siddhantsamachar@gmail.com

Publication: **Siddhant Samachar** Edition: **All(Mumbai, Pune)**

Date: **23/11/2024** Page Number**: 08**

फिल्म बाजार गोवा में ''डायरी ऑफ अ वुमन'' की स्पेशल स्क्रीनिंग और प्रेस कॉन्फ्रेंस संपन्न

गोवा – साइमन ऐबी फिल्म्स और स्नाइडर फिल्म्स के द्वारा प्रतिष्ठित एनएफडीसी फिल्म बाजार, गोवा में आगामी फिल्म डायरी ऑफ अ वुमन के लिए एक स्पेशल स्क्रीनिंग और प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर फिल्म में मुख्य किरदार निभाने वाले अभिनेता मार्सेल श्नाइडर, निर्देशक–निर्माता साइमन ऐबी और भारत में फिल्म के डिस्ट्रीब्यूटर मनोज नंदवाना ने मीडिया को संबोधित किया। कार्यक्रम की शुरुआत क्यूब–2 में फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग के साथ हुई, जिसमें उपस्थित लोगों को मार्मिक और मन को उद्वेलित कर देने वाली कहानी की एक झलक देखने को मिली। फिल्म में एक ऐसे आदमी की कहानी को प्रदर्शित किया गया है जो अपनी लैंगिक पहचान को लेकर संघर्ष करता है। फिल्म में भावनात्मक और सामाजिक मुद्दों को उठाया गया है। कसी हुई पटकथा और सशक्त अभिनय के द्वारा यह फिल्म मानसिक संघर्ष के साथ साथ सामाजिक दबाव और उस दबाव से उबरने के दौरान उत्पन्न तनाव और संघर्ष को बेहद बारीकी से दिखाती है। फिल्म की स्क्रीनिंग के बाद, प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया से बातचीत करते हुए साइमन एबी और मार्सेल श्नाइडर ने फिल्म में क्रेयटिविटी, इसके निर्माण के दौरान आई चुनौतियों और फिल्म के सब्जेक्ट के बारे में जानकारी साझा की। फिल्म में 'अलेक्स डारक्ले' का मुख्य किरदार निभाने वाले ऐक्टर मार्सेल श्नाइडर ने इस तरह के प्रासंगिक किरदार निभाने के दौरान हुए अपने अनुभव को साझा किया, जबकि मनोज नंदवाना ने भारत में फिल्म के वितरण योजनाओं की रूपरेखा पर बात की। मीडिया को संबोधित करते हुए फिल्म के निर्माता और निर्देशक साइमन ऐबी ने कहा ''यह फिल्म पुरुषों और महिलाओं दोनों की भावनाओं का बखूबी खयाल रखती है और लैंगिक पहचान जैसे समाज के संवेदनशील विषय की बारीकियों पर खुल कर बात करती है। इस कहानी के माध्यम से हमारा उद्देश्य है कि एक सभ्य समाज के रूप में हम अपने अंदर झांकें और आत्ममंथन करें। साथ ही ऐसे स्त्री या पुरुष जो लैंगिक विसंगतियों से जूझ रहे हैं यह फिल्म देखकर उनमें एक हिम्मत आएगी और संघर्ष करने की ताकत मिलेगी'' ''डायरी ऑफ अ वूमन'' फिल्म ने अपने अनूठे विषय और दृष्टिकोण की वजह से पहले ही दर्शकों और आलोचकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया है और दर्शकों के मन मस्तिष्क पर एक स्थायी छाप छोड़ने के लिए तैयार है। फिल्म जल्द ही रिलीज होने वाली है, जो साइमन एबी फिल्म और स्नाइडर फिल्म्स के लिए एक और मील का पत्थर साबित होगी।